प्राचार्य,राजकीय महाविद्यालय, बलुवाकोट (पिथौरागढ़)
Phone Number- 05967-297075
E-Mail-gdcb9697@rediffmail.

दिनांक–26.09.2026

# आवश्यक सूचना
## छात्रसंघ निर्वाचन 2026–27

राजकीय महाविद्यालय बलुवाकोट के निर्वाचन हेतु अर्ह समस्त प्रत्याशियों को सूचित किया जाता है कि छात्रसंघ निर्वाचन 2026–27 के अर्न्तगत मतदान एवं मतगणना के दिन मतदान कक्ष एवं मतगणना कक्ष में प्रत्याशी अथवा उनके द्वारा अधिकृत अभिकर्ता की उपस्थिति हेतु पहचान–पत्र निर्गत किये जायेंगे।

अतः समस्त प्रत्याशी अपने अधिकृत अभिकर्ता का नाम एवं आवश्यक विवरण निर्धारित प्रारूप में निर्वाचन समिति को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हे पहचान–पत्र निर्गत किया जा सके। यह स्पष्ट किया जाता है मतदान कक्ष एवं मतगणना कक्ष में केवल वैध पहचान–पत्र धारण करने वाले प्रत्याशी अथवा उनके अधिकृत अभिकर्ता को ही प्रवेश की अनुमति होगी। बिना पहचान पत्र के किसी भी विद्यार्थी को उक्त कक्षों में प्रवेश की अनुमति नही दी जायेगी। पहचान पत्र प्राप्त करने के लिए प्रत्याशी/अधिकृत अभिकर्ता को अपना महाविद्यालय आई कार्ड, फीस रसीद, एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य है।

( डॉ0 सुभाष चन्द्र वर्मा )
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
बलुवाकोट।
प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय
बलुवाकोट (पिथौरागढ)

मुख्य निर्वाचन अधिकारी
डॉ0 राहुल कुमार तिवारी
रा0 महा0 बलुवाकोट।

Scanned with OKEN Scanner